## खबर संक्षेप

### सम्मेलन में शचि शुक्ला एवं नीता चौरिया सम्मानित

**जुन्नारदेव।** गत दिनों हम फाउंडेशन के राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में शचि शुक्ला एवं नीता चौरिया को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित दो दिवसीय हम फाउंडेशन का राष्ट्रीय मातृशक्ति सम्मेलन किया गया। जिसमें राज्य सभा की उपसभापति सुमित्रा बाल्मिकी एवं कालिदास विश्वविद्यालय के निदेशक गोविंद गंदे पदमश्री सम्मानित भूरी बाई तथा डाक्टर संतोष पांडिया के कुलपति कालिदास विश्वविद्यालय के कुलपति की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। 16 राज्यों में काम करने वाले पदाधिकारी सहित अन्य सम्मिलित हुए। समाज में पीड़ित मानवता की सेवा राष्ट सेवा संस्कार सेवा आदि आदि क्षेत्रों में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को एनजीओ के राष्टीय अध्यक्ष एडवोकेट निशिकांत चौधरी जी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में जुन्नारदेव से हम फाउंडेशन में कार्य कर रही श्रीमती शचि शुक्ला प्रांत संयोजक महिला सहयोगिता तथा शाखा अध्यक्ष श्रीमती नीता चौरिया को सम्मानित किया गया।इस भव्य कार्यक्रम में हम फाउंडेशन से जुड़ी सुरेखा जायसवाल प्रियंका अग्रवाल सपना वर्षा मिगलानी सरला चौरसिया कनषिका सहारे जय शुक्ला हिमानी पानकर मंजू शुक्ला रितु झा, अंजू झा,एम पूनम राठौर संगीता अरोरा आरची झाम सभी पदाधिकारीगण ने हर्ष जताया हैं। उक्त जानकारी जोन की सदस्य पार्षद संजय जैन द्वारा दी गई ।

### बच्चों को बांटे गरम स्वेटर

**जुन्नारदेव।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि भारत विकास परिषद समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सेवाकार्यों के लिये अग्रणी संस्था है अभी भारत विकास परिषद द्वारा ज़िले में शीतलहर के चलते निरंतर ठंड से बचने स्वेटर का वितरण किया जा रहा इसी परिप्रेक्ष में भारत विकास परिषद आज शासकीय प्राथमिक शाला मालनवाडा पहुँचा और प्राथमिक शाला में अध्ययनरत ज़रूरतमंद 66 छात्र छात्राओ को जनपद सदस्य साक्षी गोलू पटेल जी व आरव हितेश चौधरी मौजूद ने स्वेटर बांटे।

### गांधीगंज क्षेत्र के दो दुकानदारों पर लगाया दो दो हजार रूपए का जुर्माना, सात दुकानदारों के चालान भी काटे

# एक्शन मोड में दिखे आयुक्त, अतिक्रमणकारियों पर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिन्दवाडा



नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने शुक्रवार को गांधीगंज क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की। देर शाम निगमायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली निगम के अतिक्रमण दस्ते के साथ गांधीगंज क्षेत्र में पहुंचे जहां पहुंचते से आयुक्त ने दुकानों के बाहर रखे हुए समाना को जप्त करने के निर्देश दिए देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में इस कार्यवाही से अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया एवं व्यापारियों ने समान को दुकानों के भीतर रखना प्रारंभ कर दिया। इसके साथ ही आयुक्त ने गन्दगी पाए जाने पर दो दुकानदारों पर 2-2 हजार रुपए के चालान करने के निर्देश दिए। अतिक्रमण पर सख्ती करते हुए निगमायुक्त ने सात दुकानदारों पर कुल 3500 रुपए के चालान किए। इसके उपरांत आयुक्त ने निगम अमले सहित क्षेत्र का भ्रमण किया। आयुक्त ने एक निर्माणधीन भवन के आवासीय अनुज्ञा होने एवं उसके व्यवसायिक निर्माण पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। देर शाम हुई इस कार्यवाही से स्थानीय लोग प्रसन्न नजर आए एवं विशेष रूप से आयुक्त को रोककर उनका धन्यवाद दिया। इसके पूर्व निगम आयुक्त नागपुर रोड स्थित बोदरी पुल पहुंचे जहां उन्होंने जारी पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य का निरीक्षण किया एवं इस कार्य को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

### खुले में पशु मांस विक्रय पर प्रतिदिन जारी है कार्यवाही

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह पर खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय पर सख्ती के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों पर निगम अमले द्वारा प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही जिसमे निर्देशों की अवहेलना पर सामान जप्त एवं चालान किए जा रहे है। निगमायुक्त के निर्देश पर जोनल अधिकारी मुकेश चोखे सहित निगम अमले ने शिवनगर कॉलोनी, रेलवे क्रॉसिंग के दुकानों पर 4,000 रुपए की चालानी की। इस कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक अरुण गढ़ेवाल, रामवृक्ष यादव , अतिक्रमण दल एवं पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चिन्हित अवैध कॉलोनी पर होगी एफआईआर

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा लगातार अवैध कॉलोनियों के ले आउट को हटाने की कार्यवाही शहर में कराई जा रही है। इसके उपरांत हटाए गए ले आउट के 23 कॉलोनाइजर को कार्यवाही के लिए चिन्हाकित कर दिया गया है। शुक्रवार को कार्यपालन यंत्री एवं उपायुक्त ईश्वर सिंह चंदेली ने आदेश जारी करते हुए चिन्हित किए 23 कॉलोनाइजर के विरुद्ध वार्ड क्रमांक 1 से वार्ड क्रमांक 24 के लिए उपयंत्री राजवीर सिंह एवं कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव तथा वार्ड क्रमांक 25 से वार्ड क्रमांक 48 हेतु उपयंत्री सचिन पाटिल एवं सागर पवार को निर्देशित किया। दोनो दलों को सात दिवस मध्यप्रदेश कॉलोनाइजर अधिनियम 2021 के नियम अनुसार पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आयुक्त राहुल सिंह को कार्यवाही से अवगत कराना होगा। निगमायुक्त के निर्देश पर यह कार्यवाही लगातार निगम क्षेत्र में जारी रहेगी।

## मिडास कोचिंग संस्था में 31 दिसंबर और 7 जनवरी को आयोजित की जाएगी प्रतिभा खोज परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा




पांढुर्णा ज़िले का सबसे प्रसिद्ध कोचिंग संस्था मिडास ताज कोचिंग संस्था सौंसर में मिडास प्रतिभा खोज परीक्षा सह छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2024-25 हेतु प्रारंभ हो चुका है जिसमें दूर दूर से बच्चों ने पिछले 24 दिसंबर के दिन यहां परीक्षा में भाग लिया। अपने नए सत्र हेतु एडमिशन प्रक्रिया के लिए और आगे आने वाली 31 दिसंबर को एवं 7 जनवरी 2024 को यह मिडास प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया है।

परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से मिडास कोचिंग संस्था सौंसर में रहेगा और यह परीक्षा 8वीं से 11वीं तक के केवल इंगलिश मीडियम के सभी विद्यार्थियों के लिए रहेगा। 10 सालों से मिडास अपने आइआईटी जेईई एवं नीट मेडिकल परीक्षा के लिए पूरे छिन्दवाड़ा-पंधुरना ज़िले में अपने परिणामों के लिए एकतरफा जाना गया है और हमेशा चर्चित में रहता है एवं अब हर साल अपने छोटे से शहर सौंसर से क़रीब 15 से 20 बच्चों को आईआईटी, ट्रिपल आईआईटी, एनआईट, आईजर, आईआईसटी जैसे बड़े से बड़े संस्थाओं में अपने बच्चों का चयनित कराते आए है। इतना ही नहीं बल्कि मेडिकल में भी क़रीब 15 से 20 बच्चों को एमबीबीएस, बीएएमएस, बीएचएमस जैसे बड़े संस्थानों में चयनित कराते आया है और इनके साथ साथ अपने मध्य प्रदेश एवं पूरे भारत के कई गवर्नमेंट इंजीनियरिंग एवं प्राइवेट कॉलेजो में भी मेरिट पे मिडास के बच्चों ने अपना परचम लहराया है। इस संस्था के सभी शिक्षकगण बहुत ही अनुभवी है और सभी लोग उत्तर-प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र के रहने वाले है और सभी शिक्षक आईआईटी, एनआईट जैसे बड़े से बड़े संस्थाओं से खुद उच्च शिक्षा ग्रहण किए है जिसका कारण है की सौंसर में पढ़ाई का महोल बहुत ही उत्तम है वो भी बहुत ही कम फीस में हर तरफ़ से परिपूर्ण बेवस्था के साथ और कड़ी अनुशासन के साथ पढ़ाया जाता है जिससे बच्चे अपने मंज़िल से कही दूसरे जगह फिसल ना जाए और अपना उज्वल भविष्य को पूरा कर पाये। आप भी अपने बच्चे को भविष्य उज्वल बना सकते है एवं उनके सपनों को भी पूरा करवा सकते है।

### 31 को परासिया पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**परासिया :-** विकसित भारत संकल्प यात्रा 31 दिसंबर से शहरी क्षेत्रों में प्रारंभ होगी । परासिया नगर पालिका में सुबह आठ बजे यात्रा प्रारंभ होगी । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सीधे लाभ जनता को दिया जाएगा । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने नागरिकों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ यात्रा में पहुंचने की अपील की है । जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ दिया जा सके । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि इससे पूर्व मुख्यमंत्री जनसेवा शिविर के माध्यम से हजारों लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया था । नौ हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए । संबल योजना का लाभ दिया गया । 26 सौ से ज्यादा पथ विक्रेताओं को लोन दिया गया । उन्होंने कहा , कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिया।

## आनंद मेले में बच्चों ने लगाई व्यंजनों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏩ पांढुर्णा



आज स्थानीय रामशांति विद्या मंदिर में आनंद मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ शाला चेयरपर्सन सरोज बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा एवं तृप्ति बुधराजा की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस मेले में विभिन्न प्रकार के खेल स्टॉल, गुब्बारे की प्रदर्शनी के साथ व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। आनंद मेले में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं नन्हे बच्चों ने मनोरंजन कर लुत्फ उठाया। बच्चों द्वारा छोटे-बड़े स्टॉल लगाए गए। जिससे इनमें व्यापारिक गुण एवं कुशलता के साथ अपने आप दुकान को कैसे संचालित करना यह सीखा। बच्चों के साथ-साथ उनके पालक भी बड़ी संख्या मे पहुंचे और उनका उत्साहवर्धन किया। स्कूल संचालक द्वारा विभिन्न स्टॉलों में जाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य चारू गुलाटी तथा मैनेजर रोहित धवले द्वारा सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए अभिभावकों का आभार प्रदर्शन किया गया।

### जिले के कलाकारों ने तानसेन समारोह में किया तबला वादन



**छिंदवाड़ा।** उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी मप्र संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा 99 वां तानसेन समारोह ग्वालियर में 22 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया गया। समारोह में पूरे मप्र के 1500 तबला वादकों ने एक साथ विभिन्न तालों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। यह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। इसमें छिंदवाड़ा के श्रीमति लीलावती विश्वकर्मा संगीत महाविद्यालय के 40 तबला वादकों में संचालक शामिल हुए।

### तीन राज्यों से सौंसर आएंगे बौध्द अनुयायी: लक्ष्मीदास

**पारड़सिंगा।** भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा रविवार 21 जनवरी को सौसर केबाजार चौक में जिला स्तरीय बौद्ध धम्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के नाती राजरतन अंबेडकर,भिक्खु संघ के साथ में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश से 10000 से अधिक बौद्ध अनुयाई शामिल होकर बौद्ध धम्म के प्रचार प्रसार का संकल्प लेंगे। उपरोक्त उदगार एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा सौसर तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर ने व्यक्त किये है। श्री बोरकर ने आगे बताया कि भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ,जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत के नेतृत्व में संपन्न हो रहे कार्यक्रम में तीनो राज्यो में भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है।जिला स्तरीय बौद्ध सम्मेलन में प्रमुख अतिथियों के रूप में प. पु. भदत राजरतनजी,भदत शीलरक्षित महाथेरो,भदत सारिपुत्रजी,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशांक जाधव, मध्य प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष दिनेश हनुमंते, राष्ट्रीय संगठन अनिल जावदे, महिला वक्ता उषा ताई बौद्ध,वर्धा जिला अध्यक्ष विशाल मानकर,नागपुर ग्रामीण अध्यक्ष रंजीत राउत आदि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा भगवान बुद्ध और बाबासाहब अम्बेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलो बुद्ध की ओर आर्केस्ट्रा टीवी रेडियो कलाकारअरुण सहारे उनकी टीम के द्वारा किया जाएगा। भारतीय बौद्ध महासभा के द्वारा सभी समाज के लोगों को आवेदन में उपस्थित होने की अपील की जा रही है।

## बच्चों ने दी एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां

**क्षेत्र के जनप्रतिनिधि रहे अतिथि के रूप में मौजूद , सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मनमोहा**



हरिभूमि न्यूज ⏩ सौंसर

शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावंगा में वार्षिक उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में सौसर विधायक विजय चौरे उपस्थित थे।सरस्वती के प्रतिमा पूजन के साथ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अन्य अतिथियों में सरपंच सावंगा श्रीमति मंदाताई बागडे,उपसरपंच मनोज अम्बरते,प्राचाय निलेश राजनकर, आदि थे। आयोजन के दौरान बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देखकर बार-बार तालियां बटोरी।आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा बड़ी खुशी की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र की स्कूलों में भी बच्चों के अंदर इतनी प्रतिभा भरी हुई है। शिक्षा के साथ-साथ अब छात्र-छात्राएं दूसरे क्षेत्रों में भी आगे बढ़कर अपने परिवार समाज का नाम रोशन करते हुए अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं।इस वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद में आगामी समय में वार्षिक परीक्षाएं भी संपन्न होने वाली है। क्योंकि शिक्षा से ही मनुष्य एवं परिवार समाज का कल्याण हो सकता है इसलिए इन सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों ने की जान के साथ मेहनत से परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हुए स्कूल सौसर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन करना चाहिए मैं छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं। मिलिद बंसोड़,यशवंत माने,दिनेश कड़क,रमेश कड़क,जनार्दन व्यवहारे,संजय घोड़की,हर्षद अहीर, मधुकर माने,संजय बागडे,निलेश चौहान,देवेंद्रतिरगुड़े,सलाम,मनोज माने,अतुल मिर्चे आदि थे।

### अंबाड़ा निवासी ऋषि हलवाई जुआ खेलते गिरफ्तार



**जुन्नारदेवः** जुन्नारदेव एसडीओपी के के अवस्थी के मार्गदर्शन में जुन्नारदेव के तेजतर्रार निर्भीक निष्पक्ष कार्यवाही के धनी थाना प्रभारी आर पी कवरेती ने तैनाती के बहुत आंशिक समय में अपराधियो के बीच एक अच्छी खासी नकेल कस रखी है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी आर पी कवरेती ने अपने विश्वसनीय हमराह बल व तगडे खुफिया तंत्र के जरिए कल रात्रि में नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के वार्ड नं 2 विश्वकर्मा मोहल्ले में दबिश देकर सात जुआडियो को गेम ऑफ चांस जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया जिसमे क्रमशःनिम्न जुआडी थे। इनमें (1)ऋषि कश्पय (2)टीकाराम पवार (3)नीरज विश्वकर्मा (4)अशोक साहू (5)आभास नारायण वर्मा (6)दिनेश राठौड़ (7)बल्लू जमदरिया थे जिनके पास से 6500 की जप्ती कर अपराध नंबर 498/23 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

## आठ देवी देवताओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏩ परासिया

नगर के वार्ड क्रमांक 15 रेसक्यू ग्राउण्ड के समीप श्री दुर्गा माता मंदिर में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । प्रथम दिन मण्डल पूजन एवं नौ ग्रह पूजन । द्वतीय दिन अभषेक एवं भगवान का नगर भ्रमण । तृतीय दिन भगवान की प्राण प्रतिष्ठा । चतुर्थ दिन हवन पूजन आरती एवं महाप्रसाद विशाल भंडारा किया गया । कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक माताएं वार्ड वासी बहुत अधिक संख्या में उपस्थित थे । ज्ञात हो कि श्री दुर्गा माता मन्दिर में श्री दुर्गा जी श्री राधा कृष्ण श्री शिव लिंग श्री नन्दी जी पेहले से ही विराजमान है । अभी श्री गणेश जी श्री रिद्धि श्री सिद्धि श्री कार्तिक जी श्री शंकर जी श्री पार्वती जी श्री हनुमान जी श्री भैरव बाबा जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई है । नगर का यह पहला मन्दिर है जहाँ 8 प्राण प्रतिष्ठा की गई है ।

## नई ऊर्जा के साथ लोकसभा की तैयारी में जुटे भाजपा कार्यकर्ता: बंटी

**विधानसभा चुनाव के बाद हुई पहली बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया आव्हान**

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा



भाजपा के समस्त कार्यकर्ता नई ऊर्जा, नए उत्साह और पूरे विश्वास के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं । कार्यकर्ताओं ने अपने पूरे समर्पण के साथ विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए कार्य किया । कार्यकर्ताओं की मेहनत समर्पण और निष्ठा के बूते ही भारतीय जनता पार्टी को मध्यप्रदेश में आशातीत सफलता मिली है । यह बात जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कही ।

विधानसभा चुनाव के उपरांत पहली बैठक शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई थी । बैठक में जिला भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक अपेक्षित थे । भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले में विधानसभा चुनाव परिणाम निराशाजनक जरूर रहे है । परिणामों को लेकर संगठन में समीक्षा का दौर जारी है, कार्यकर्ताओं को इससे उबरकर नए विश्वास के साथ लोकसभा चुनाव में जुटना है ।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं के मन में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बसे हुए है । हमें मतदाताओं से संपर्क साध कर उन्हें भाजपा के समर्थन में लाना है । विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रति विश्वास जताने वाले मतदाताओं का आभार प्रकट करना हमारा कर्तव्य है । लिहाजा सभी कार्यकर्ता मतदाताओं के प्रति आभार जताएं । बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छिंदवाड़ा लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने कहा कि चुनाव के 27 में से 23 दिन श्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा में ही बांधकर रखना यहां के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत लगन और निष्ठा का प्रत्यक्ष उदाहरण है ।

लोकसभा चुनाव को लेकर आज परिस्थितियों में बड़ा बदलाव आ गया है । यह बदलाव लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा में भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा ।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी के चहेते होने की वजह से खस्ताहाल है पंचायत भवन

## टूटे हुए गेट से पांडूपिपरिया सचिव की लापरवाही हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏩ तामिया



तामिया जनपद पंचायत से लगी ग्राम पंचायत बिजोरी यहां पर पदस्थ सचिव मकरलाल तुमड़ाम जो मुख्य कार्य पालन अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारियों के चहेते हैं। चहते होने का मूल कारण है कि उनकी ऊंची पहुंच हैं इसलिए अधिकारी उनकी हर गलती को अनदेखी करने को मजबूर हैं। क्योंकि इनका रसूख इतना है कि यह अधिकारियों को भी हटाने और चार्ज दिलाने की काबिलियत रखते हैं। अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए इन्होंने पास की ही ग्राम पंचायत बिजोरी का प्रभार लेकर यह सिद्ध कर दिया है कि वे कितने रसूखदार हैं। पूर्ण कालिक सचिव को हटाकर ग्राम पंचायत का पूर्णकालिक सचिव बन बैठे और यहां पर इन्होंने पुलिया, सीमेंट रोड, पोखर, तालाब 15वें वित से हो रहे निर्माण कार्यों में में जमकर भ्रष्टाचार किया। इन्होंने दोनों ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार तो किया है लेकिन पंचायत को खंडहरनुमा भी बना दिया है। वहीं मूल पांडू पिपरिया ग्राम पंचायत के सामने का गेट बरसों से टूटा पड़ा हुआ है। उसे सुधारने की उन्हें फुर्सत तक नहीं है। क्योंकि उनकी इस ग्राम पंचायत में कोई अधिकारी जाने की हिम्मत नहीं तक नहीं करता है। इसलिए इस टूटे गेट पर ना तो मुख्य कार्य पालन अधिकारी, पंचायत इंस्पेक्टर ,या पंचायत के अधिकारियों में पड़ रही है। इस तरह ये सचिव अपने रसूख के दम पर मनमर्जी का मालिक बन बैठा है। लेकिन इसका खामियाजा शासन एवं आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

यदि आला अधिकारियों ने इस सचिव पर शीघ्र ही अपना नियंत्रण नहीं रखा तो दोनों पंचायत के ग्रामीण परेशान होते रहेंगे। वहीं शासकीय निर्माण कार्यों के लिए जो राशि आई है वह इनके माध्यम से भ्रष्टाचार करता रहेगा। अब देखना यह है कि पांडू पिपरिया बिजोरी पंचायत के संयुक्त सचिव के ऊपर अधिकारी कितना नियंत्रण रख पाते हैं यह तो कार्यवाही होने नहीं होने पर ही निर्भर करता है।

### तीन स्कूलों को वितरित की ठंड से बचने स्वेटर, विद्यार्थियों में खुशी की लहर

# शिक्षा और समाज-पर्यावरण के लिए कार्य करना है उद्देश्य : राकेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



वेलफेयर सोसायटी चाँद द्वारा अपने आधारभूत सिद्धांत शिक्षा -समाज -पर्यावरण को दृष्टिगत गत रख वार्षिक कार्यक्रम अनुसार ठंड के मौसम में गर्म स्वेटर का वितरण कर रही है इसी श्रृंखला में तीन विद्यालयों में गर्म स्वेटर एवम हाउस ड्रेस का वितरण अध्यक्ष श्री पोहपसिंह वर्मा के निर्देशन में किया गया।

सोसाइटी सचिव राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला खापा बिहारी में ग्राम पंचायत सरपंच श्री राहुल रघुवंशी एवम ग्राम के वरिष्ठ जन माता बहनों की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजन कर गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती राजकुमारी वर्मा का जन्मदिन भी मनाया गया। सोसाइटी के पदाधिकारियों श्री चंद्रशेखर मराठा, श्री बलराम बरकोरिया , श्री चंद्रशेखर अयोधि, श्री रघुनाथ वर्मा , श्री सुरेश विश्वकर्मा, श्री महेशलाल सूर्यवंशी, श्री किशनलाल वर्मा , श्री अजमेर चौरे , श्रीमती सावित्री उइके, श्रीमती सुनीता मसराम, श्रीमती शिववती कुमरे, श्रीमति संध्या नागवंशी, श्रीमती अनिता सोनी ,श्रीमती शिववती कुमरे ने मिलकर छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किया पहनाया। इसी दिवस शासकीय माध्यमिक शाला नवेगांव गोंड में ग्राम पंचायत सरपंच श्री डेहरिया, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री गोविंद चौरिया , ग्राम पटेल श्री सुमेरसिंह चौरिया की उपस्थिति में मां सरस्वती का पूजन एवम छात्राओं द्वारा स्तुति भेंट कर स्वेटर वितरण किया गया। प्रधानपाठक श्री रामदयाल कुमरे ,शिक्षक श्री राजाराम उइके, अतिथि शिक्षक श्री बृजेश चौरिया द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पाहार पहना कर स्वागत किया गया। यहां ही शासकीय प्राथमिक शाला पठरा जंगली रैयत के छात्रों हेतु हाउस ड्रेस उनके शिक्षक श्री नारायण इनवती को सौपी गई। सभी ने आव्हान किया कि हमे शासकीय विद्यालय से जुड़ कर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने की बात की एवम यह भी दोहराया कि बच्चों का बचपना नही छीना जाना चाहिए। इस अवसर पर जनशिक्षक श्री दीपक पगारे, श्री विश्राम इनवती श्री संतोष डेहरिया , श्री ईश्वरसिंह चौरिया, श्री तेजसिंग कुमरे, श्री संतोष सरयाम , श्री लोखंडे, श्री दयाराम उइके, श्री श्रीपाल उइके, श्री धरमसिंह चौरिया श्री पंकज विश्वकर्मा श्री रामसिंग पंचेश्वर श्री सतीश मालवी श्री अशोक चौहान सहित पालक गण उपस्थित रहे। ग्राम के ही शासकीय विद्यालय में अध्ययन किये छात्र श्री जितेंद्र चौरिया जिन्होंने पी एस सी परीक्षा उत्तीर्ण कर ट्रेजरी अधिकारी में चयन हुए है उनके पिता जी श्री कन्हैया पटेल का भी शाल- श्रीफल से अभिनंदन किया गया। आज के आयोजन में महिला एवम बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवम दोनों ग्राम पंचायत के सचिव श्री दिलीप सिंह चौरिया, श्री परमाल सिंह चौहान उपस्थित रहें।

## खमरियामाल की बिटिया अन्नपूर्णा सिरसाम बनी डीएसपी, पहले ही प्रयास में ही हुई सफल




**बिछुआ।** विकासखण्ड बिछुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरियामाल की बेटी अन्नपूर्णा सिरसाम पिता ज्ञानशा सिरशाम शिक्षक प्राथमिक शा० ग्वारीमाल निवासी खमरियामाल का MPPSC 2019 में DSP पद के लिए चयन हुआ। इनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा पहली से पांचवी तकग्राम खमरियामाल के शासकीय स्कूल में हुई। इसके बाद कक्षा 6वी से 12 वी तक शासः कन्या परिसर छिन्दवाड़ा में अध्ययरत रही,राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त की। शाला' की विभिन्न गतिविधि में प्रथम रैंक प्राप्त की। उच्च शिक्षा DAVV यूनिवर्सिटी इन्दौर से BE मेकेनिकल से स्नातक की डिग्री रप्राप्त की एवं इंदौर में रहकर सेल्फ स्टडी कर प्रथम प्रयास में MPPSC 2019 में डीएसपी के पद पर चयनित हुई। इनकी सफलता का श्रेय मम्मी एवं पापा को जाता है। 'मार्ग दर्शन वरिष्ठ गुरुजन एवम मित्र मंडलीय को जाता है। MPPSC 2020 में इनका वाणिज्य कर निरक्षक के पद पर चयन-हुआ था। अब इन्होंने अपने सपनों को साकार करने के लिए महिलाओं को सशक्तिकरण करने की बिड़ा उठाने की ठानी है,भारत देश की सेवा करना इनका प्रमुख लक्ष्य है।

# मप्र में सौंसर का विकास बीजेपी सरकार की देन है : नाना मोहोड़

### तंसरामाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम सिल्लेवानी एव तंसारामाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री नाना, मोहोड,संतोष जैन राजेंद्र भक्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष कृष्णा डीगरसे,मदन साहू, जितेंद्र पटेल, संजय बागड़े, इशाक खानआदि थे।

आयोजन को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री श्री मोहड़ ने कहा मध्य प्रदेश देश और सौसर क्षेत्र का विकास या भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं के कारण हो रहा है।मध्य प्रदेश और छिंदवाड़ा जिले में हजारों किलोमीटर सड़क का निर्माण कर मजदूर किसान आम आदमी को महानगरों से जोड़ने का काम बीजेपी की सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

सौसर क्षेत्र में हजारों लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान बनाकर भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिए हैं।वहीं दूसरी और आयुष्मान भारत लाडली बहन लाडली लक्ष्मी तीर्थ दर्शन जैसी डेढ़ सौ से अधिक योजनाओं का संचालन कर हर वर्ग के व्यक्ति का विकास करने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। आम जनमानस एवं हितकारी ने अधिक से अधिक भाजपा सरकार की जनकल्याण कई नीतियों का एवं योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

## भगवान शिव शिव पार्वती का विवाह एवं प्रहलाद चरित्र का किया वर्णन

**दमुआ।** श्री महेंद्र सिंह पुत्र संजय सिंह परिहार परिवार दमुआ द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है कथा के तीसरे दिन 29 दिसंबर दिन शुक्रवार को शिव पार्वती विवाह एवं प्रहलाद चरित्र की कथा का वर्णन राजस्थान के प्रख्यात कथा वाचक श्री रामजी महाराज के मुखारविंद से हुआ जिसमें शिव पार्वती विवाह एवं प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया गया श्री संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने दूरदराज से भारी संख्या में भक्तश्रद्धालु महिलाएं पुरुष आदि तमाम भक्त श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं। कथा का स्थान पुराने पेट्रोल पंप के पास नगर पालिका मंगल भवन दमुआ में आयोजित आयोजित की गई है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का भक्त श्रद्धालु धर्म प्रेमी भक्तजन भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं और पूर्ण लाभ भी अर्जित कर रहे हैं। जबकि कथा के तीसरे दिन कथा को श्रवण करने जिले से पधारे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रमेश दुबे (चौरई पूर्व विधायक) एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री रमेश पोफली जी सहित अन्य नेतागण आदि ने कथा में पहुंचकर कथा श्रवण की व पुण्य लाभ अर्जित किया।

### 2 जनवरी को लगेगा निशुल्क नेत्र शिविर

**दमुआ।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत लायन्स सेवा समिति दमुआ व लायन्स क्लब परासिया के तत्वाधान में 2 जनवरी दिन मंगलवार सुबह 11:00 से दोपहर 3:00 तक बैरियर कॉलरी ऑफिस के सामने गरीब भोज परिषर में विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है आधुनिक सुविधाओं से संपन्न लायंस नेत्र चिकित्सालय परासिया के नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा।अध्यक्ष रवि शंकर साहू ने बताया कि निशुल्क जांच शिविर में मरीज को आधार कार्ड मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है तथा निशुल्क सुविधा पूर्ववत रहेगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



विकासखंड बिछुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कढैया में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा कन्या पूजन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी विभाग की अधिकारियों ने ग्रामीणों के समक्ष जानकारी दी, एवं कोई भी हितग्राही इन योजनाओं से वंचित न रहे इस हेतु कर्मचारियों को हिदायत दी गई, इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष दशरथ साहू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश परतेती, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ग्राम पंचायत कढ़ैया की सरपंच ,सुखमन उईके फूलचंद उईके,भाउराव गोंडाने वीरेंद्र सलामे,तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं ग्रामीण अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खमरा में आज से क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बिछुआ-** ग्राम खमरा मे स्वर्गीय श्री पं परेश कोठेकर जी एवं स्वर्गीय श्री सुभाष चंदेरे जी की स्मृति में भव्य टेनिस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खमरा प्रीमियर लीग(KPL)का आयोजन आज दिन शनिवार से शुभारंभ किया जा रहा हैं। जहां प्रथम पुरस्कार 31.000हजारएंव11टीशर्ट दूसरा पुरस्कार 15.000हजार एवं 11टीशर्ट एवं विशेष पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।जिसमें आप सभी खेल प्रेमी सादर आमंत्रित हैं।स्थान पॉवर हाउस ग्राउंड किसनपुर रोड़ खमरा(बिछुआ) में होना है जहां शुभारंभ-मैच खमरा एवं पिपरियाकला के मध्य खेला जाएगा समय दोपहर -12बजे से।प्रतियोगिता का शुभारंभ समस्त मुख्य अतिथि,पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न होगा।आयोजक-समस्त ग्रामवासी खमरा (बिछुआ) समिति ने प्रतियोगिता में शामिल होने क्रिकेट टीमों से निवेदन किया है।

## महावीर इंटरनेशनल द्वारा नेत्र जांच शिविर हुआ आयोजित



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महावीर इंटरनेशनल लांजी , जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन बहेला में शिविर आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल का उद्देश्य सबकी सेवा ,सबको प्यार, जियो और जीने दो के सिद्धांत पर मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए निस्वार्थ मानव सेवा में सतत प्रयासरत है। दिनांक 29/12/ 2023 शुक्रवार को महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा संचालित शिविर ग्राम वासियों के सहयोग से हुआ आयोजन किया गया। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 के डिप्टी डायरेक्टर एवम चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत खोंगल जी ने बताया निर्धारीत तिथि और समय में प्रातः 11:00 से 4:00 तक लांजी में शिविर आयोजित हुआ जिसमे 85 लोगो का पंजीयन हुआ एवं 22 मरीज मोतियाबिंद के चयनित किए गए साथ ही सभी मरीजों को संस्था की सभी सुविधा के साथ मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया जाएगा सभी जन भावना के अनुरूप निशुल्क नेत्र जांच शिविर जारी रहा, इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षक, डॉ विकास विश्वकर्मा जी एवं नेत्र सलाहकार अरशद खान के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं के स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य रोगों से संबंधित विषय की जानकारी अवगत कराया गया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के सभी वरिष्ठ सदस्य एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी स्थानीय नागरिकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त रहा।

## देवथाना में धूमधाम से मनाई गई दत्तात्रेय जयंती

**कटंगी।** प्रखंड की ग्राम पंचायत देवथाना में स्थित श्री सदगुरू नवनाथ दत्त मंदिर में भगवान त्रिदेव यानी की भगवान दत्तात्रेय की जयंती प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई. श्री सदगुरू नवनाथ दत्त सेवा कल्याण समिति की ओर से जयंती समारोह का आयोजन किया गया. जयंती के पावन मौके पर मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए. जिसमें पहले दिन सूर्य आव्हान विधि, मंडप पूजन गणेश पूजन, अखंड ज्योति का पूजन, सेज और विडा अवसर, गुरू स्नान और आरती, गुरू जन्मोत्सव, पालखी की शोभायात्रा और भिक्षा भ्रमण, पालने का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया. वहीं दूसरे दिन मंत्र जप और गुरू स्मरण, अन्नपूर्णा घट की स्थापना, यज्ञ हवन, भजन और दहीकाला का आयोजन किया गया. अब आगामी 07 जनवरी को गुरूदेव के बारसे का कार्यक्रम मंदिर में आयोजन होगा।

## तिरोड़ी में ध्यान पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तेलगांना राज्य की हार्टफुलनेस मेडिटेशन संस्था हैदराबाद की ओर से शुक्रवार को मार्यल नगरी तिरोड़ी के स्कूल परिसर में ध्यान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं शामिल हुए. प्रशिक्षक डॉ शालिन अमूले ने कार्यशाला में ध्यान क्या है, ध्यान अभ्यास और ध्यान के लाभ बताएं. उन्होंने बताया कि ध्यान अपने अंदर देखने और स्वयं के आंतरिक अस्तित्व को खोजने की एक अति प्राचीन कला है. ध्यान हमें न केवल पूरी तरह से नए आंतरिक अनुभवों की ओर ले जाता है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन को बेहतर, अधिक सार्थक और अधिक संतुष्टिदायक अस्तित्व में बदलने में भी मदद करता है. हम ध्यान पद्धति को जीवन में उतारकर सकारात्मक बदलाव ला सकते है. आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में ध्यान का अभ्यास करने की जरूरत की आवश्यकता है. नियमित ध्यान तनाव के लक्षणों को कम करने और शारीरिक स्वास्थ्य में सहायता करता है।

### कार्यकर्ताओं की सभी मांगों को रखा जायेगा सरकार के समक्ष

# आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक विवेक पटेल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी परिसर में वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक विवेक विक्की पटेल का विधायक बनने के बाद स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक विक्की पटेल का शाल श्रीफल व पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन विधायक श्री पटेल को दिया। जिसके बाद श्री पटेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही आपकी सभी मांगों को सरकार के समक्ष ध्यान से रखा जायेगा।

आशा कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री पटेल को समस्या बताते हुए कहा कि कोरोना काल में सबसे ज्यादा आशा कार्यकर्ताओं ने ही मेहनत की। जिसमें प्रति सत्र आशा कार्यकर्ताओं को 200 रूपये के हिसाब से मिलना था, वो भी नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग में सभी लोगों को मोबाइल मिलता हैं, मगर आशा कार्यकर्ताओं को मोबाइल नहीं मिला। जिससे हमें काम करने में मुसीबत का सामना करना पड़ता हैं। सरकार ने वेतन बढ़ाने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ हैं।

आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती हैं। आशा कार्यकर्ता समुदाय को स्वास्थ्य प्रणाली से जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में रहने वाले लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में आशा कार्यकर्ता मदद करती हैं। कोरोना काल में आशा कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की थी। वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में महिला चिकित्सकों की कमी हैं, जल्द ही हमारा प्रयास उन्हें लाने में सफल होगा।

### ग्राम पंचायत चाकाहेटी के नयाटोला में हो रही आए दिन सड़क दुर्घटना

# सड़क में साइड सोल्डर भरना भूला ठेकेदार हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तिरोड़ी तहसील मुख्यालय से बम्हनी गांव की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है. इस मार्ग पर ग्राम पंचायत चाकाहेटी का नया टोला हादसों का ब्लैक स्पॉट बन चुका है. ग्रामीणों के अनुसार यहां होने वाले सड़क हादसों की प्रमुख वजह सड़क पर साइड सोल्डर का ना होना है. अब हैरानी तो इस बात की है कि ग्रामीणों के लगातार होने वाले सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए कई बार शिकायत कर साइड सोल्डर बनाने की मांग भी की जा चुकी है बावजूद इस ओर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं. ग्रामीणों ने बताया कि बीते दिनों नया टोला में ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत भी हो चुकी है. इस दुर्घटना के बाद आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते ही रहते है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क की साइड सही कराने की मांग की है ताकि यहां होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

करीब 07 साल पहले तिरोड़ी से बम्हनी की ओर जाने वाले सड़क का निर्माण किया गया. सड़क मार्ग का डामर से और गांवों के भीतर सीसी सड़क बनाई गई. तब ठेकेदार ने डामर सड़क में तो साइड सोल्डर बना दिए लेकिन गांव के भीतर जहां सीसी सड़क बनी थी वहां साइड सोल्डर नहीं बनाए गए. जिसके चलते गांवों के भीतर लगातार वाहनों के उतरने की घटनाएं हो रही है इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना ही रहता है और कई बार दुर्घटनाएं हो भी चुकी है. नयाटोला में जहां सीसी सड़क बनी हुई है उसके दोनों किनारे में गहराई है और साल दर साल गहराई बढ़ती जा रही है. नियमानुसार सड़क के दोनों ओर पटरियों को संबंधित विभागों को मिट्टी या मुरूम से समतल करना चाहिए ताकि विपरीत दिशा से दो वाहनों के आने पर सड़क से नीचे उतारते समय वाहन पलटने की संभावना ही न रहे. लेकिन विभाग ने सड़क बनाने के बाद दोनों ओर को समतल करना छोड़ दिया है. साइड सोल्डर के ना बनाए जाने से आए दिन हादसे होना अब आम होते जा रहा है।

### सरकारी छुट्टी और बारदानों की कमी से किसान परेशान

# स्लॉट बुकिंग के बाद भी नहीं हो पा रही धान खरीदी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी भले ही एक माह देरी से हुई थी मगर नई सरकार बनने के बाद जिस रफ्तार से धान की खरीदी हो रही है उसके हिसाब से उठाव नहीं हो रहा है। ऐसे में अभी तक जितनी खरीदी हुई है उसमें से 50 फीसदी ही धान का उठाव हुआ है और केंद्रों में लगातार आवक बढ़ती ही जा रही है। धान की भरपूर आवक और उठाव नहीं हो पाने से अब धान जाम होने लगा है। सरकार बनने के बाद किसान अब अपनी उपज को बेचने केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। वहीं किसानों को लग रहा था कि सरकार बनने से पहले उन्होंने धान को बेच दिया धान खरीदी के दाम का फायदा उन्हें नहीं मिल पाएगा। लिहाजा किसान 3 दिसंबर तक सरकार बनने का इंतजार कर रहे थे। नई सरकार के बाद ही धान बेचने की मंशा बना रखे थे। यही वजह है कि केंद्रों में सन्नाटा देखने को मिल रहा था। सरकार बनने के बाद अब केंद्रों में धान की भरपूर आवक होने लगी है। वहीं शासकीय अवकाश और स्लॉट बुकिंग के एक सप्ताह बाद भी खरीदी नहीं हो पाना किसानों की धान खरीदी में बाधा बनी है जिससे किसानों को अपनी उपज को समय पर बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**बारदानों की कमी और खस्ताहाल बारदानों से बढ़ी किसानों की परेशानी :** वहीं लांजी जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहझरी में अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां स्लॉट बुकिंग के एक हफ्ते बाद भी प्रबंधक धान खरीदी नहीं कर पा रहे है वजह पूछने पर उनके द्वारा बताया गया लांजी से मां एग्रो कंपनी द्वारा उन्हें बारदाने उपलब्ध कराये जा रहे है परंतु समय पर क्षमता के अनुरूप बारदाने उन्हें नहीं मिल पा रहे है जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**मौसम परिवर्तन से भी बढ़ रही परेशानी :** कुछ दिनों से क्षेत्र में मौसम अपने अलग ही तेवर दिखा रहा है। कभी धूप तो कभी अचानक बदली छा रही है। बूंदाबांदी का दौर भी चल रहा है। लगातार बदलते मौसम से किसान परेशान हैए जो अपने किसानी के विभिन्न कार्य करने के लिए संकोच कर रहे हैं। कुछ किसान थ्रेसर के माध्यम से चुराई कर अपनी धान को सुरक्षित कर रहे हैं। शासन स्तर पर पुराने समर्थन मूल्य 2184 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी जाती थी। वहीं विस चुनाव में भाजपा की ओर से 3100 रुपए के समर्थन मूल्य पर धान खरीदने की घोषणा की गई है।

### इनका कहना है

शासकीय अवकाश के कारण किसानों को अपनी उपज बेचने में कुछ परेशानियो का सामना करना पड़ा है। हालांकि हमारे द्वारा सभी किसानों से उनकी समय पर खरीदी की जाएगी एवं मिलर्स से चर्चा कर खरीदी केंद्रो को समय पर बारदाने उपलब्ध कराने के लिये कहा जाएगा ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

**प्रदीप कौरव, एसडीम लांजी**

## दुर्घटना में मौत पर परिजन को सौंपा गया 4 लाख का चेक

**वारासिवनी।** रामपायली में विद्युत सुधार कार्य करने के दौरान दुर्घटना का शिकार होकर मृत्यु के मुख में जाने वाले बाह्य स्त्रोत कर्मचारी योगेश माहुले के पिताश्री को मध्यप्रदेश विद्युत मंडल द्वारा आर्थिक सहायता के रुप में 4 लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। जानकारी अनुसार गत 4 जुलाई 23 को वितरण केन्द्र रामपायली के अंतर्गत कार्यरत बाह्य स्त्रोत कर्मचारी योगेश माहुले पिता सेंगलाल माहुले उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया बस स्टैंड रामपायली के समीप विद्युत सुधार कार्य कर रहा था। कार्य के दौरान ही अचानक वह विद्युत पोल से नीचे गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई थी।इस दुर्घटना के बाद मध्यप्रदेश विद्युत मंडल वारासिवनी के कार्यपालन अभियंता दीपक कुमार उइके व अधिकारियों द्वारा कंपनी की ओर से मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत करवाई गई।

## खबर संक्षेप

### सक्षम बारमाटे का सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग में हुआ चयन



सिवनी//ग्राम काठी जिला सिवनी के निवासी सक्षम बारमाटे ने MPPSC 2019 में सहायक संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग का पद प्राप्त किया है। सक्षम ने अपने पहले प्रयास में सफलता प्राप्त की है। इससे पूर्व वे MPPSC 2020 में वाणिज्य कर निरीक्षक का पद प्राप्त कर चुके है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्री बुद्धयश बारमाटे, माता श्रीमती सरोज बारमाटे, समस्त परिवारजनों और मित्रों को दिया है। इनके पिता लाख के व्यवसाई और माता गृहणी है। सक्षम ने अपनी स्कूली शिक्षा हाई स्कूल अरी एवं ग्रेजुएशन बरकतुल्ला विश्वविद्यालय से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में किया है। सक्षम ने बिना किसी कोचिंग के घर में रहते हुए ही तैयारी की है और लगातार सेल्फ स्टडी, सेल्फ मोटिवेशन और धैर्य को अपनी सफलता का मूल मंत्र माना है।

## बिना एनओसी एवं खुले में मांस मछली विक्रय करना पड़ भारी

# 39 व्यवसायियों पर की गई कार्यवाही 13800 रु का वसूला जुर्माना





हरिभूमि न्यूज सिवनी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग एवं नगरीय निकायों के संयुक्त दल द्वारा मांस-मछली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना विहित खाद्य लाइसेंस, खुले में तथा अस्वच्छ स्थिति में मांस-मछली विक्रय करने वाले कुल 39 व्यवसायियों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम तहत कार्यवाही कर 13800 रु का जुर्माना वसूला गया। निरीक्षण में सिवनी नगरीय निकाय अंतर्गत 6 दुकानदारों पर कार्यवाही कर 3000 रू, नगर परिषद बरघाट में 10 दुकानदारों से 1500 रू, नगर परिषद लखनादौन 14 दुकानदारों से 5400रू, नगर परिषद छपरा में 4 दुकानदारों से 1400 रू एवं नगर परिषद केवलारी में 5 दुकानदारों पर कार्यवाही कर 2500 रू अर्थदंड राशि वसूल की गई तथा शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही दल द्वारा अस्वच्छ स्थिति में रखे चिकन के 2 और मछली का 1 नमूना जांच हेतु लिया गया।

### टी.वी. मुक्त पंचायत अभियान हेतु ब्लॉक टी.वी. फोरम सह टास्क फोरस कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रधानमंत्री जी द्वारा सन 2025 तक टी.वी. मुक्त भारत की परिकल्पना के उद्देश्य से शासकीय सिविल अस्पताल केवलारी के सभा कक्ष में टी.वी. मुक्त पंचायत अभियान हेतु ब्लॉक टी.वी. फोरम सह टास्क फोरस कमिटी का गठन आज दिनांक 28/12/ 2023 को अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व केवलारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें कमिटी के कार्य के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की गई बताया गया कि इस कमिटी का उद्देश्य सभी विभागों से छह रोग ( टी.वी. ) मरीजों के लिए आपसी समन्यजस स्थापित कर सामान्य नीति के तहत उपचार प्रदान करना एवं जन जागरूकता के मध्यम से अधिक से अधिक निश्चय मित्र बनाकर टी.वी. मरीजों को पोषण किट सहायता प्रदान करना शामिल है साथ ही जन समुदाय को टी.वी. बीमारी के प्रति जागरूक कर उन्हें इस बीमारी से बचाना है । इस कार्यक्रम में अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व केवलारी द्वारा मौके पर निश्चय मित्र बनकर यह संदेश दिया कि समाज में समक्ष लोग इस बीमारी की रोकथाम करने के लिए सहायता प्रदान करें ।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा सिवनी प्रदीप वाल्मीकि के दिशा निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र सिवनी में आयोजित किया गया एक दिवसीय जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम।

पुलिस मुख्यालय भोपाल महिला सुरक्षा शाखा के दिशा निर्देश के पालन में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आज दिनांक 29 दिसंबर 2023 दिन शुक्रवार को सिवनी जिला मुख्यालय में स्तिथ परिवार परामर्श केंद्र में एक दिवसीय जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा श्री प्रदीप वाल्मीकि के निर्देशन में आयोजित किया गया

इस शिविर में सिवनी जिले के प्रथक प्रथक तहसीलों के विभिन्न ग्रामों जिला स्तर पर परिवारिक समस्याओं को लेकर अनेक महिलाए व परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे जिन्हे कि महिला सुरक्षा शाखा जिला सिवनी के उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप वाल्मीकि द्वारा अत्यंत व्यवहारिक अंदाज में मार्गदर्शित किया गया ,परिवार को टूटने न देने,आपसी समझबुझ से ही रिश्तों को बरकरार रखने की हिदायते दी, उपस्थित पीड़ित महिलाओं एवम परिवार के सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम के अवसर पर अपनी व्यक्तिगत समस्याएं भी डीएसपी महिला सेल श्री प्रदीप वाल्मीकि के समक्ष रखी ,जिसे ध्यानपूर्वक सुनकर उनके द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र एस आई ज्योति चौरसिया को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया

इस अवसर पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक ज्योति चौरसिया,ज्यूरी सदस्य श्री छिद्दीलाल श्रीवास ,प्रधान आरक्षक भोपाल सिंह बघेल काउंसलर में कांता ठाकुर श्रीमती पार्वती डहेरिया सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम के रुप में विशाल धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। रामवट सेवा समीति द्वारा आगामी 31 दिसंबर रविवार को शाम 6:00 बजे स्थानीय छिंदवाड़ा चैक में एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम के रुप में एक विशाल धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्रभु श्रीराम की भव्य भजन संध्या तथा संगीतमय महाआरती होगी तथा इस दौरान विशाल भण्डारा भी रखा गया है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी द्वारा बताया गया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है जिस को लेकर लोगों में उत्साह व्याप्त है साथ ही यह हम सभी लोगों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक और गौरवषाली अवसर है जिसकी प्रतीक्षा देषवासियों द्वारा पिछले 500 वर्शों से की जा रही थी। श्री तिवारी ने बताया कि इस गौरवषाली अवसर को चिरस्मरणीय बनाने के साथ ही आगामी 22 जनवरी को लाकार्पित होने जा रहे दिव्य और आलौकिक राम मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए लोगों को प्रेरित तथा प्रोत्साहित करने के उद्देष्य से राम वट सेवा समीति द्वारा 31 दिसंबर से 22 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन श्रृंखलाबद्ध किये जायेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता आपेक्षित है साथ ही समस्त नगरवासियों से आग्रह है कि 31 दिसंबर की षाम को छिंदवाड़ा चैक में आयोजित होने वाले भजन, महाआरती में अधिक से अधिक संख्या में षामिल होकर भण्डारा महसप्रसाद ग्रहण करें।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राही हो रहे लाभांवित

**केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से संचालित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण जिले में ग्रामपंचायतवार शिविरों का आयोजन कर योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।





यात्रा के क्रम में शनिवार 30 दिसम्बर 23 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खूट एवं बोरीकलॉ, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भीमगढ़, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बाघी एवं बारागौर, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत साल्हेपानी रैयत एवं रूमदौन, केवलारी की ग्राम पंचायत मलारी एवं खामी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत आमगांव एवं कलबोड़ी, लखनादौन की ग्राम पंचायत सिरमंगनी एवं भरगा तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भोमा, डुंगरिया एवं चीचबंद पहुंचेगी। इसी क्रम में 31 दिसम्बर 23 को विकसित भारत संकल्प यात्रा बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिंगपुर एवं कुर्सीपाल कलॉ, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुरघई, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दुर्जनपुर एवं गोरखपुर, केवलारी की ग्राम पंचायत उगली एवं सारसडोल, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत थांवरझोड़ी एवं डुंगरिया, लखनादौन की ग्राम पंचायत मोंहगांव कलॉ एवं संगईमाल तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत करकोटी, पाथफोड़ी एवं भोमाटोला पहुंचेगी।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों में लगी एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौंके पर ही लाभांवित करने की कार्यवाही की जा रही है।

**यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ-** विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है।

# कैमरे को भरोसे छोड़ी फिटनेस, दौड़ रही अनफिट बसें, नतीजा हादसा

**इंजीनियर का काम कैमरा कर रहा है। इस कारण वाहन की जांच नहीं हो पा रही है। वाहन सड़क पर चलने लायक है या नहीं। यह भी नहीं देखा जा रहा है। वाहन के टायर चलने की स्थिति में है या नहीं। ब्रेक, स्टेयरिंग, बॉडी, हेडलाइट, गियर की भी जांच नहीं हो पा रही है। कैमरे से फोटो खींचकर फिटनेस सर्टिफिकेट दिए जा रहे हैं। इस कारण सड़कों पर अनफिट वाहन दौड़ रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुरान वाहन होने पर प्रदेश में बस हादसे हो रहे हैं। गुना का प्रदेश में चौथा दिल दहलाने वाला हादसा हुआ है। इससे पहले सेंधवा, पन्ना व सीधी में बड़े बस हादसे हुए थे। हादसे वाले वाहनों की कंडम हालत सामने आई थी। गुना हादसे की बस भी अनफिट बस दौड़ रही थी। वहीं दूसरी स्वचालित फिटनेस सेंटर शुरू नहीं हो सके हैं। जबकि इन्हें खोलने की स्वीकृति मिल चुकी है।

### बसों की उम्र है निर्धारित

मध्य प्रदेश से दूसरे राज्यों में जाने वाली बसों की उम्र 10 साल है।
मध्य प्रदेश के अंदर चलने वाली बसों की उम्र 15 साल हैं।
बस की उम्र पूरी होने के बाद यह नहीं चल सकती है।

### फिटनेस फीस

ट्रक व बस- 950 रुपए
मध्यम गाड़ी- 750 रुपए

### ऐसे मिलती है बस सहित कॉमर्शियल वाहनों को फिटनेस

परिवहन विभाग में फिटनेस का ऑन लाइन टैक्स जमा किया जाता है। टैक्स जमा होने के बाद फिटनेस की तारीख मिलती है। परिवहन मुख्यालय के पास वाहन को पहुंचना होता है। गाड़ी को कैमरे के सामने खड़ा किया जाता है और आगे-पीछे से गाड़ी के फोटो खींच लिए जाते हैं। फोटो खिंचने के बाद उसे सर्टिफिकेट दे दिया जाता है। वाहन को फिटनेस देते वक्त उसके कलपुर्जों की जांच नहीं होती है।

### फिटनेस का यह है नियम

यदि कोई गाड़ी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में फिटनेस सर्टिफिकेट लेने आती है, तो सबसे पहले मोटर व्हीकल सब इंस्पेक्टर (एमवीएसआई) गाड़ी चलाकर देखता है। उसके ब्रेक, इंजन चैक करता है। टायर कितने घिसे हुए हैं। गाड़ी कितना धुंआ छोड़ रही है। गाड़ी की बॉडी मानकों के अनुसार बनाई गई है। वाहन कितने साल पुराना वाहन है। इंडीकेटर, लाइट काम कर रहे हैं या नहीं। किसी गाड़ी को फिटनेस जारी की जाती है। उससे कोई दुर्घटना होती है तो मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर व फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने वाला जिम्मेदार होता है। मोटर व्हीकल एक्ट में इस व्यवस्था का प्रावधान है।

### बगैर परमिट चल रहे वाहनों के लिए परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी : मुख्यमंत्री डॉ यादव

सिवनी 29 दिसम्बर 23/ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गुना हादसे में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर से सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि यदि उनके क्षेत्र में बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरती जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुना दुर्घटना के प्रभावितों से भेंट के बाद गुना से लौटकर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि गुना हादसे के लिए दोषी आरटीओ गुना और सीएमओ गुना को निलंबित किया गया है। गुना हादसे के बाद समय पर फायर ब्रिगेड उपलब्ध न कराए जाने के कारण नगर पालिका अधिकारी के निलंबन का कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो का दायित्व निर्धारित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो यह भी ध्यान रखा जाएगा। यह संवेदनशील विषय है। इस संबंध में राज्य सरकार ने सजगता से ऐसी दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए भी निर्देश दिए हैं। सभी जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध राज्य सरकार आवश्यक रूप से सख्त कार्रवाई करेगी।





# मोक्ष धाम की जमीन का सीमांकन के लिए जिला कलेक्टर को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज गोपालगंज।** जिला मुख्यालय से महज 12 km नागपुर मार्ग से लगी आदर्श ग्राम पंचायत गोपालगंज के धमुनिया रोड पर स्थित मोक्ष धाम की जमीन खसरा नम्बर 773 894 681अंकित है उक्त भूमि पर भूमाफियाओं की तिरछी नजर सीमांकन के लिए जिला कलेक्टर को दिया लिखित आवेदन जिसमे जिसमे बताया कि जनहित कार्यो में व्यधान हो रहा है मनरेगा मद से निर्माण कार्य होना है जिसका ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित है।उक्त भूमि का 10/09/2323 सीमांकन अबेदन पत्र ग्राम पंचायत द्वारा पारित किया गया था किन्तु आज दिनाँक तक हल्का पटवारी अर्जुन सिंह बघेल सीमांकन नही किया जिससे ग्राम पंच बार्ड क्रमांक 04 शुभम शुक्ला, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष दुर्गेश चक्रवर्ती,बिधायक प्रतिनिधि अक्षय पाठक,सुमीत अबढिया ने जिला मुख्यालय पहुँच कर मोक्ष धाम की भूमि के सीमांकन के लिए कलेक्टर महोदय को लिखित आवेदन दिया एवं सीमांकन कर भूमाफियों से उक्त भूमि मुक्त करने की मांग की।

## पर्यटकों को देखते ही मुंह में दबाकर ले गया



**सिवनी।** बाघ कर रहा था शिकार, पर्यटकों को देखते ही मुंह में दबाकर ले जाते हुए बाघ देखा गया। सिवनी के पेंच टाईगर रिजर्व में दिखा नजारा, पर्यटक ने कैमरे में कैद कर लिया। यह वीडियो खवासा बफर में 27 दिसम्बर सुबह सफारी का बताया जाता है

### अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव का भव्य आगाज़

केवलारी / प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी केवलारी नगर में एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के तत्वाधान में अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव का शुभारंभ श्री सीताराम ट्रांसपोर्ट केवलारी के संचालक श्री कुबेर मोंटू साहू जी के मुख्य आतिथ्य एवं श्री सोनल जैन,श्री अशोक खेमुका एवं श्री किशोर वामनकर जी के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता का पहला मैच अलीशा भोपाल एवं जबलपुर के मध्य में खेला गया जिसमें अलीशा भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 133 रन बनाए। जिसके जवाब में जबलपुर की टीम ने कप्तान साहिल के शानदार 49 रन की बदौलत 19.5 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए साहिल को मन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच कल दोपहर 12 बजे से **VTCA** नागपुर एवं **YFC** मंडला के बीच खेला जाएगा।

एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के अध्यक्ष श्री अमित तिवारी जी, एवं आयोजन समिति ने आम जनों से इस आयोजन को सहयोग कर सफल बनाने की अपील की है।

# इमरान डील्लन SSC ने ठोका SPL का पहला शतक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



प्रीमियर लीग SPL में टूर्नामेंट के सातवे दिन ओपन वर्ग के मैचों में पहला शतक एस,एस,सी टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी इमरान ढिल्लन दौरा जड़ा गया 10 ओवरों के मैच की पारी में इमरान ने 109 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए व्यक्तिगत 100 रन ठोक डाले

आज के सभी खिलाड़ी जिन्होंने अपनी अपनी टीम से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच बने सभी को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। आज टूर्नामेंट के माचो के मुख्य अतिथि के तौर पर मंच में असलम खान एहफाज खान विधायक प्रतिनिधि के साथ सिवनी के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों रहे।

SPL संयोजक काबिज खान और अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर गुड्डु ने प्रेस नोट जारी करके बताया कि SPL का बुखार क्रिकेट प्रेमी6के सर चढ़ कर बोल रहा है।वही SPL टैनिस क्रिकेट का रोमांच दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। मिशन स्कूल ग्राउंड में लगातार छक्के चौकों की बारिश बल्लेबाज कर रहे हैं तो वहीं गेंदबाज बड़े-बड़े बल्लेबाजों को आउट करके जनता के दिलों में अपनी जगह बना रहे हैं।

आज के मैचों की विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर गुड्डु ने बताया आज का पहला मैच सुबह 8 बजे से सिटी बॉयज और एन बॉस क्लब के मध्य खेला गया टॉस जीत कर सिटी बॉयस ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में एन बॉस क्लब ने 109 रन बनाए इनकी ओर से अली ने 52 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए सुरेंद्र ने दो विकेट प्राप्त की लक्ष्य का पीछा करनी उत्तरी सिटी बॉयज 8 विकेट से मुकाबला जीत गई सिटी बॉयज की ओर से गोलू ने 59 रनों की पारी खेली इस मैच के मैन ऑफ द मैच गोलू रहे

आज का दूसरा मुकाबला जीएन एस क्लब और एस,एस,सी क्लब खेला गया जिसमें टॉस जीतकर एस, एस सी के कप्तान सलमान ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में जी,एन,एस ने मात्र 80 रन बना सके एस,एस,सी की ओर से अच्छी गेंदबाजी करते हुए पारस ने 5 विकेट प्राप्त किये लक्ष का पीछा करने उतरी एसएससी ने मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया एसएससी की ओर से सलमान ने 26 इमरान ने 20 रनों की पारी के लिए इस मैच के मैन ऑफ द मैच पारस रहे।

आज का तीसरा मुकाबला सिवनी वॉरियर्स और और एन बॉस क्लब के मध्य खेला गया टॉस जीत कर सिवनी वॉरियर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवर में 132 रन बनाएं सिवनी वॉरियर की ओर से पोलार्ड ने 27 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए इमरान और गोलू ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किये लक्ष्य का पीछा करनी उतरी एन बॉस क्लब 77 रन पर अपने 10 विकेट गवा दिए और इस मुकाबले को हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच अंकुश रहे।

आज का चौथा मुकाबला बॉयज क्लब और डी,एस,सी के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर बॉयज क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 176 रन बनाए बॉयज की ओर से निहाल ने 69 रनों की पारी खेली उनका साथ देते हुए आदिल ने 45 रनों की पारी के लिए वही लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी डीएससी 10 ओवरों में मात्र 105 रन बना सकी इस तरीके से सिवनी बॉयज ने मुकाबला 71 रनों से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच निहाल रहे।

आज का पांचवा मुकाबला एसएससी और सिटी बॉयज के मध्य खेला गया टॉस जीत कर सिटी बॉयस ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवरों में 108 रन बना सके अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 32 रनों की पारी खेली गोलू ने वही अच्छी गेंदबाजी करते हुए फैज़ल ने 3 विकेट प्राप्त किये लक्ष्य का पीछा करने होती एसएससी ने मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया एस,एस,सी के ओर से इमरान ने टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया ओपन वर्ग में और इस मैच के मैन ऑफ द मैच बने।

आज का अंतिम मुकाबला शिवनी वॉरियर और जीएनएस क्लब के मध्य खेला गया टॉस जीतकर शिवनी वॉरियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 188 रन बनाएं शिवनी वॉरियर की ओर से आशीष राणा ने 58 रनों की पारी के लिए उनके साथ देते हुए शुभम ने 36 रनों की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनएस 81 रनों पर सिमट गई अच्छी गेंदबाजी करते हुए आशीष राणा ने 4 विकेट प्राप्त किया और मैन ऑफ द मैच बने..

हरिभूमि

# सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

10

जबलपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023

login : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### बाल यौन उत्पीड़न व बालश्रम रोकने लगातार तीन माह तक कार्य करेंगे छात्र



**बालाघाट।** जिले के शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय से (एनएसएस) के 5 छात्रों का आगाज इंटर्नशिप 3.0 के लिए चयन किया गया है। ये सभी पांच छात्र अपने छात्र समूह के साथ मिलकर नगर की सेवा बस्तीयों व ग्रामीण क्षेत्र में बाल यौन उत्पीड़न व बालश्रम पर कार्य कर रहे हैं। जिले में आयोजित विशाल प्रसिद्ध मेले में छात्र समूह के द्वारा स्टॉल लगाकर जनजागरूकता का कार्य भी किया जा रहा हैं। मेले में लगे इस स्टॉल का शुभारम्भ के अवसर पर सुशील बर्मन जिला समन्वयक मप्र जनभियान परिषद के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र का पूजन कर किया। आगाज इंटर्नशिप 3.0 के लिए चयनित छात्र, विधि, कंचन पारधी, रागिनी लक्छीने, रूपाली रहांगडाले व पीयूष टेंभरे के साथ जनजागरूकता के इस कार्य में अन्य छात्र भी इनका साथ निभा रहे हैं। छात्रों के द्वारा बेटी बचाओ की थीम पर विभिन्न आकर्षक चित्र कला, नुककड़ नाटक व सम्पर्क कर पालको को व बच्चों को जागरूक करने का कार्य आगामी सात दिवस तक लगातार किया जायेगा।

### नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में आयुष्मान जागरूकता पखवाड़ा 1 से

**बालाघाट।** नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में आयुष्मान भारत योजना ''आयुष्मान भवः'' एवं मध्यप्रदेश आयुष्मान निरामयम् योजना के पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से 'आयुष्मान जागरूकता पखवाड़े' का आयोजन किया गया है। जो पिछले वर्ष की तरह 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक सीएससी सर्च इन्फोटेक के सहयोग से आयोजित किया गया है। जिसमें नगरपालिका परिषद बालाघाट एवं मोतीनगर स्थित सर्च इन्फोटेक पर प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाये जायेगें। नगर के राशन दुकानों, आंगनवाडी केन्द्रों, स्कूलों, महाविद्यालय आदि में भी शिविर के माध्यम से सीएससी द्वारा आयुष्मान जागरूकता के साथ कार्ड बनाये जायेगें। कार्ड बनवाने के लिए पात्र हितग्राही को अपनी परिवार समग्र आईडी, आधारकार्ड एवं मोबाइल के साथ उपस्थित होना होगा। जो हितग्राही आने में असमर्थ है उनकों घर पर ही जाकर सेवाऐं प्रदान की जावेगी।

### आभा ढोके के चयन पर विवेकानंद एजुकेशन सोसायटी ने जताया हर्ष



**कटंगी।** मध्य प्रदेश राज्य सेवा परीक्षा 2019 के परिणाम घोषित हो चुके है. जिसमें बालाघाट जिले से आभा ढोके का नाम भी शामिल है. आभा ढोके का चयन सहायक संचालक उद्योग प्रबंधक के पद पर हुआ है. आभा ढोके की इस उपलब्धि पर विवेकानंद एजुकेशन सोसायटी कटंगी ने भी हर्ष जताया है. दरअसल, आभा ढोके की प्रारंभिक शिक्षा विवेकानंद इंग्लिश स्कूल कटंगी से पूरी हुई है. उन्होंने साल 2008 तक इस संस्था में रहकर अध्ययन किया. जिसके चलते उनकी उपलब्धि पर संस्था ने हर्ष व्यक्त किया है. संस्था संचालक इंजीनियर लकेश शर्मा और प्राचार्य सुमन शर्मा ने बताया की यह आभा की लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने राज्य सेवा परीक्षा में सफलता अर्जित की है।

# गुना बस हादसे के बाद जिले में जांच

## अनफिट मिली एक स्कूल बस; कार्रवाई से बचने के लिए ड्राइवर बस लेकर भागा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गुना बस हादसे के बाद परिवहन विभाग ने शुक्रवार को बालाघाट में आनन-फानन में बसों की जांच शुरू की। गर्रा चौक में सड़कों पर दौड़ रही बसों की जांच की गई। इस दौरान बस चालकों में हड़कंप जैसी स्थिति देखी गई। चेकपोस्ट इंचार्ज पंकज जैन ने बताया फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस, चालक लाइसेंस, चालक के बस संचालन की स्थिति, सुरक्षा उपकरण सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की है और लगभग 33 बसों की चेकिंग में यातायात नियमों के उल्लंघन में 16 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। इस दौरान यातायात पुलिस थाना प्रभारी शैलेन्द्रसिंह यादव भी मौजूद थे। स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक बस का फिटनेस नहीं था। जिस पर जुर्माना लगया गया। एक बस चालक कार्रवाई से बचने के लिए बस को भगाकर ले जाने लगा। यातायात पुलिस ने उसका पीछा कर पकड़ा। जिसको लेकर चेकपोस्ट प्रभारी का कहना था कि उसे लगा कि उसे जाने को कहा गया है इसलिए वह बस लेकर जा रहा था।

# लाऊड स्पीकर हटाने के लिए 59 को और 26 मांस मछली की दुकानों को नोटिस जारी

## सीएम के आदेश के बाद जिले में हुई कार्रवाई में 484 लाऊड स्पीकर और 74 मांस मछली की दुकानें हटाई गई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव द्वारा लाउड स्पीकर और खुले में मांस मछली दुकानें हटाने के आदेश के बाद जिले में हर अनुभाग में इस पर कार्रवाइयां की गई है। हालांकि अभी भी इस पर कार्रवाई जारी है। लाऊड स्पीकर हटाने के लिए की गई कार्रवाई में 59 को नोटिस जारी किए गए है। जबकि जिले में अब तक 484 स्थानों से लाऊड स्पीकर हटाये गए है। इसी तरह खुले स्थानों में बिक रहे मांस मछली के लिए 29 दुकानों को नोटिस जारी किया गया है। इसके लिए 3 दुकानें ऐसी है जिन्हें हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। जबकि अब तक कुल 74 दुकानें हटाई गई है। लाऊड स्पीकर हटाने के मामलें में वारासिवनी अनुभाग में सबसे अधिक 194 स्थानों से लाऊड स्पीकर हटाये गए। इसके बाद बालाघाट में 119, कटंगी में 85, परसवाड़ा में 29, बैहर में 23, लांजी में 19 और किरनापुर में 15 लाऊड स्पीकर हटाये गए है।

## दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण वितरण का शिविर आगामी तिथि तक स्थगित

**बालाघाट।** जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा के आदेशानुसार दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण के साथ साथ रेलवे पास एवं बस पास के वितरण के लिए शिविर का आयोजन किया जाना था। 2 जनवरी से 5 जनवरी 2024 तक आयोजित होने वाला यह शिविर आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। श्री रणदा ने यह भी कहा है कि निकाय स्तर पर पहचान पत्र व मूल्यांकन शिविर यथावत तौर से जारी रहेंगे। उपकरण एवं पास वितरण के लिए शिविर के आयोजन की नवीनतम तिथि 14 जनवरी 2024 के बाद पृथक से जारी की जाएगी।

# सस्ती वाहवाही न लुटे विधायक विक्की पटेल : राकेश बनोटे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष राकेश बनोटे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक विक्की पटेल पर आरोप लगाते हुए कहा है कि बैलगाड़ी पर रेत रायल्टी छुट पर वाहवाही न लुटे, वाहवाही लुटना हैं तो पहले जो वारासिवनी - खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत घाट बंद करवाये, रोड़ पर चल रहे रेत के ओवरलोडिंग डंफर बंद करवाये, सभी रेत घाटों का तत्काल सीमांकन करवाये, वहीं अवैध रेत उत्खनन को लेकर ठेकेदार पर प्रकरण पंजीबद्ध करवाये, तब वाहवाही लुटे ये सस्ती वाहवाही लूटने से कुछ नहीं होगा। क्षेत्र की जनता सब जानती हैं कि किस तरह कांग्रेस विधायक ने रेत ठेकेदार से मिलकर क्षेत्र की जनता को झुनझुना पकड़ाकर सस्ती वाहवाही लुटने का कार्य कर रहे है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री बनोटे ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस के विधायक जितने के बाद जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, मे किस तरह से लुट बड़ गई है यह क्षेत्र की जनता को एहसास होने लगा है। यदि समय रहते हुये क्षेत्रीय विधायक द्वारा अवैध रेत घाट, अवैध परिवहन पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो क्षेत्र की जनता स्वयं रोड़ पर उतरकर रेत ठेकेदार के खिलाफ जन आंदोलन करने बाध्य, वहीं सही मायने पर वाहवाही लेने का मतलब भी होगा।

# धान के बोरो में किसान कोड अनिवार्य : पटले

## लापरवाही बरती गई तो होगी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की उपज को खरीदने के उपरांत उसे बोरो में भरा जाता है जिसके बाद बोरो सिलाई के साथ लगने वाले पर्ची में किसान कोड लिखना अनिवार्य है। यदि अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान ऐसा नही पाया जाता तो निश्चित तौर पर विभागीय कार्यवाई की जावेगी। इस संबंध में 29 दिसबर को कलेक्टर व बैंक प्रशासक डा. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित वीसी के माध्यम से बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा धान खरीदी से जुड़े शाखा और समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि खरीदी गई धान के बोरो में लगने वाले पर्ची में किसानों के किसान कोड लिखना अति आवश्यक है। इस कार्य को शाखा प्रबंधक गभीरता से ले। इस दौरान प्रबंधक लेखा पी.जोशी, विपणन अधिकारी राकेश असाटी, फील्ड अधिकारी राजेश नागपुरे, रौनक चौकसे उपस्थित रहे। श्री पटले ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी निर्देशित किया जा चुका है। धान उपार्जन नीति अंतर्गत श्री पटले ने कहा कि हेडलिंग चालान पूर्ण करे और स्वीकृति पत्रक के बाद ईपीओ को प्रतिदिन क्लियर करे सुपर वाइजर और संस्था प्रबंधक इस ओर विशेष ध्यान दे। साथ ही लोन के ईपीओ आ रहे है शाखा प्रबंधक इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### अवकाश के दिनों में कार्य पूर्ण करे

श्री पटले ने निर्देश दिए कि अवकाश के दिनों में पेंडिंग कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा शाखा प्रबंधक खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर इस अवसर का विडियो वाट्स अप ग्रुप में भी शेयर करे। श्री पटले ने कहा कि जनवरी 2024 को प्रथम सप्ताह में भोपाल में धान खरीदी को लेकर उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिन केंद्रों में बारदाने का आभाव हो तो ग्रुप में जानकारी साझा करे। यदि खरीदी केंद्रों में ट्रांसपोर्ट हेतु ट्रक लग जाते है तो हमाल की समुचित व्यवस्था हो। इस दौरान पैक्स आन लाइन की समितिवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# भारत शासन के अधिकारी ने बिठली में आयोजित हुए जनमन शिविर का किया निरीक्षण

## बैगा जनजाति के बीच पहुँचकर जानी समस्याएं बताए उपाय

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पीएम जनमन योजना के तहत शुक्रवार को बैहर अनुभाग के बिठली गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण करने भारत शासन में जनजाति कार्य विभाग उपसंचालक श्री राहुल कुमार भी बिठली पहुचकर बैगा जनजाति के नागरिकों के साथ उनकी समस्याएं जानी। साथ ही उन्होंने समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में उपाय भी सुझाये। साथ ही शिविर के पश्चात उन्होंने जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रतिक्रिया जानी और निर्देशित किया। शिविर में मौजूद जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि सभी गाँवो की बिजली, पानी, सड़क, आगनवाड़ी और स्वास्थ्य सुविधाओं की सर्वे रिपोर्ट तैयार करें। इसके अलावा शासन की योजनाओं के सम्बंध में सर्वे किया जाना सुनिश्चित करें। इसमें पीएम किसान सम्मान योजना के अलावा पीएम आवास तथा केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाएं शामिल है। डीडी श्री कुमार ने शिविर में मौजूद नागरिकों से आयुष्मान, वृद्धावस्था, पेंशन तथा राशन के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने एनआरएलएम के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की सराहना भी की। वही बैगा समुदाय के नागरिकों के समूह बनाकर मत्स्य समिति बनाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैहर एसडीएम श्री विवेक केवी, जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री चतुर्वेदी सहित जनपद स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।



## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी घोषित

**बालाघाट।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग बालाघाट द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिले के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य के बाहर, अन्य राज्यों की संस्थाओं में अध्ययनरत है, उन विद्यार्थियों के लिये पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि 1 सितम्बर से प्रारंभ की गई थी। छात्रवृत्ति आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 निर्धारित की गई हैं। इस छात्रवृत्ति को अर्जित करने के लिये दूसरे राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत जिले के पात्र पिछडा वर्ग के नवीन व नवीनीकरण विद्यार्थी अपना छात्रवृत्ति आवेदन निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 के पूर्व ही कार्यालय में प्रेषित कर सकते हैं।

# विधानसभा बैहर व कटंगी के प्रत्याशियों ने निर्वाचन लेखा प्रस्तुत किया

## बालाघाट और लांजी की 30 को करेंगे जमा, वारसिवनी के तीन ने नही किया लेखा प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारत निर्वाचन के आदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रत्याशियों को निर्वाचन परिणामों के 30 दिनों में व्यय लेखा प्रस्तुत करना होता है। शुक्रवार को व्यय लेखा प्रस्तुतिकरण में आ रही समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों के साथ कलेक्टर सभाग्रह में बैठक आयोजित की। बैठक में अब तक विधानसभावार प्रत्याशियों द्वारा लेखा प्रस्तुतिकरण के सम्बंध में जानकारिया ली गई। साथ ही जिनके द्वारा अब तक लेखा प्रस्तुत नही करने पर समय सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लेखा प्रस्तुतिकरण में आ रही समस्याओं के निराकरण व समाधान बताए गए व्यय लेखा नोडल अधिकारी ने बताया कि सभी प्रत्याशियों का खर्च आयोग द्वारा निर्धारित खर्च सीमा के भीतर ही है। हालांकि अब तक बैहर व कटंगी विधानसभाओ के सभी प्रत्याशियों ने लेखा प्रस्तुत किया है। जबकि अब तक वारासिवनी के तीन प्रत्याशियों ने लेखा प्रस्तुत नही किया है। बैठक के दौरान बालाघाट के भाजपा व आम आदमी पार्टी और लांजी के कांग्रेस प्रत्याशी ने 30 दिसम्बर तक लेखा प्रस्तुत करने की सहमति दी है। वहीं परसवाड़ा के एक प्रत्याशी का लेखा प्रस्तुत नही किया गया है। प्रेक्षकों ने सभी अभ्यर्थियों को विधिवत लेखे समय सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा दल सहित निर्वाचन अभ्यर्थियों के अधिकृत एजेंट शामिल हुए।

# नए वर्ष में प्रकृति और पर्यटन को बढ़ावा देने इमानदारी से करेंगे कार्य, पर्यटन और प्रकृति प्रेमियों ने लिया संकल्प

## सुरक्षित पर्यटन को लेकर डीएटीसीसी ने मोती उद्यान में परिचर्चा का किया आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व सीईओ श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में मप्र टूरिज्म बोर्ड की संकल्प सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत शहर के मोती तालाब उद्यान में सुरक्षित पर्यटन को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पर्यटन प्रबंधक एमके यादव ने परिचर्चा के उद्देश्य और बिंदुओं के बारे में जानकारी देकर सुरक्षित पर्यटन स्थल की अवधारणा को सभी के सामने रखा। वहीं पर्यटन विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। युवा मोटीवेटर अजय ठाकुर ने सभी से वन-टू-वन चर्चा कर उनके विचार जाने और आगामी वर्ष 2024 में प्रकृति संरक्षक और पर्यटन गतिविधियां किए जाने विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं पर्यटन स्थलों को कैसे सुरक्षित एवं स्वच्छता बनाए रखे इसके बारे में बताया। परिचर्चा में शामिल रेणुका राउत, कृतिका सूर्यवंशी और तृप्ति कड़वे ने कविताओं के माध्यम से पर्यटन स्थलों को कैसे महिलाओं हेतू सुरक्षित बनाया जा सकता है बताया।

डॉ. एसएल बघेले ने भी प्रकृति को बचाने किए गए उनके प्रयासों को सभी के सामने रखा। सभी ने उनके प्रयासों की सराहना कर प्रेरणा लेने की बात कही। अंत में 2023 में टूरिज्म प्रमोशन को लेकर की गई समस्त गतिविधियों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी वर्ष 2024 में वर्ष भर की गतिविधियों की खाका तैयार किया गया। युवा मोटीवेटर ठाकुर ने सभी को सुरक्षित पर्यटन स्थल को लेक संकल्प दिलाया गया। विजय सूर्यवंशी ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समाप्ती की घोषणा की।

# संकल्प यात्रा में 2231 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शुक्रवार को कुल 2231 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच हुई। इसमें सबसे अधिक लांजी के 448, बिरसा के 201, खैरलांजी के 155, बालाघाट के 132, वारासिवनी के 247, बैहर के 122, लालबर्रा के 80, कटंगी के 279, किरनापुर के 420 और परसवाड़ा के 147 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। यात्राओं के दौरान कुल 1496 नागरिकों की टीबी की जांच और 764 की सीकल सेल जांच की गई है। तथा 81 हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनायी गई।

### शुक्रवार को इन गावों में पहुंची यात्रा

यात्रा शुक्रवार को बैहर जनपद के ग्राम कोहका व बिरवा, परसवाड़ा के ग्राम झांगुल व सीताडोंगरी, लांजी के ग्राम घोटी व खुर्सीटोला, कटंगी के ग्राम जाम व अगासी, बालाघाट के ग्राम अतरी व मोहरियॉ, वारासिवनी के ग्राम रमरमा व नरोडी, किरनापुर के ग्राम जराही व मुंडेसरा, खैरलांजी के ग्राम लावनी व अतरी, बिरसा के ग्राम बीजाटोला व बिठली और लालबर्रा जनपद के ग्राम खारी व खिर्री में पहुंची।

### आज इन गावों का करेगी भ्रमण

यात्रा आज बैहर जनपद के ग्राम कटंगी बै. व गोवारी, परसवाड़ा के ग्राम टिकरियॉ व खुरमंडी, लांजी के पौसेरा व नंदोरा, कटंगी के ग्राम खमरियॉ व बिसापुर, बालाघाट के ग्राम भालेवाडा व नेवरगांव, वारासिवनी के ग्राम बोदलकसा व खापा, किरनापुर के ग्राम बम्हनगांव व हिर्री, खैरलांजी के ग्राम चुतीया व कन्हड़गांव, बिरसा के ग्राम चिचगांव व करौंदाबहेरा और लालबर्रा जनपद के ग्राम बकोडा व बेलगांव में भ्रमण करेगी।

# पीएम जनमन योजना नहीं, जनजातियों के विकास का मिशन है : राहुल कुमार

## स्वास्थ्य, शिक्षा,बिजली और मोबाइल नेटवर्क के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, प्रत्येक 10 परिवारों के लिए नल कनेक्शन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी महाअभियान के तहत जिले की जनजातियों के समग्र विकास के लिए पीएम जनमन योजना के तहत मिशन मोड़ में कार्य होंगे। इस योजना की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को भारत शासन में जनजाति कार्य विभाग के उपसंचालक श्री राहुल कुमार ने जिला पंचायत सभागृह में बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि पीएम जन मन को योजना नही बल्कि मिशन के रूप में लिया जाए। इसमें जनजातियों के समग्र विकास के लिए हर वो प्रयास किये जाने है जिससे उन्हें अत्यावश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। विभिन्न रोग और उनके उपचार के लिए जागरूकता के साथ आयुष्मान कार्ड बनाए। वहीं आंगनवाड़ियों में सुविधाएं उपलब्ध कराएं, कैम्प लगाएं जिसमें सभी के आयुष्मान कार्ड बनाए जा सके। साथ ही मोबाइल यूनिट भी लगाए जिससे बेसिक फेसिलिटी प्रदाय की जा सकें। शिक्षा के लिए स्कूल और बच्चों के लिए छात्रवास बनाए जाए। जिसमें रहने की व्यवस्था के साथ भोजन मिले। क्योंकि कई जनजातियों में रहने और भोजन की व्यवस्था नही होने के कारण पिछडी हुई है। इसके अलावा फॉरेस्ट में बैगा जनजाति को पट्टे उपलब्ध करावाये जाए। जिनके पट्टे लंबित है, उनके लिए सर्वे करवाया जाए। सभी के जाति प्रमाण पत्र बनाने में भी गति लाई जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा, एसडीएम श्री राहुल नायक,जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री चतुर्वेदी, सीईओ जनपद सीईओ ममता कुलस्ते, सीएमएचओ ड़ॉ. मनोज पांडेय, डीईओ श्री ऐके उपाध्याय पीएचई कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### योजनाओं के लाभ पाने के लिए बैंक खाते और आधार से लिंक कराना ज़रूरी

भारत शासन के उपसंचालक श्री कुमार ने कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक खाते और आधार से लिंक करना जरूरी है। बैंक खाते खोलने के लिये विस्तृत रूपरेखा बनाई जाए। युवाओं व अन्य को कौशल विकास के अंतर्गत ट्रेनिंग दी जाए। जिससे वे स्वरोजगार स्थापित कर सकें। इसके अलावा बिजली की व्यवस्था होनी चाहिए जहां विद्युत लाइन नही पहुँच सकें वहां पर सोलर पेनल के माध्यम से लाइट पहुँचाई जानी चाहिए। साथ ही मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाने के उपाय करे। हर घर जल के तहत 10 परिवारों के बीच में नल कनेक्शन करना होगा। जिला पंचायत सीईओ श्री रणदा ने सभी विभागों से कहा कि इस मिशन में हमें सभी कार्य समय सीमा में किया जाना है। इसलिये विभागों को अपनी-अपनी कार्ययोजना सुनिश्चित करनी होगी।